Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar for construction of buildings for primary schools in Muzaffarpur Parliamentary Constituency- Laid.

कैप्टन जय नारायण प्रसाद निाद (मुजफ्फरपुर): अध्यक्ष महोदय, 14 साल के बच्चों तक के लिए सरकार ने शिक्षा अनिवार्य कर दी है लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर, बिहार में 33 ऐसे प्राईमरी स्कूल हैं, जिनमें एक ही कमरा है और 200 प्राईमरी स्कूलों में मात्र दो कमरे हैं जबकि स्कूलों में 5 कमरे होना नितांत आ वश्यक है। मेरे संसदीय क्षेत्र में जिन प्राईमरी स्कूलों में भी एक-दो कमरे हैं, उनमें 5-5 कमरे निर्माण करने की व्यवस्था की जाये। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा धन की व्यवस्था की जाये।